छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

सोमवार, दिनांक 11 जनवरी, 2010

(पौष-21, शक संवत् 1931)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

सदन में **वन्दे मातरम्** की धुन बजाई गई ।

2. महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय की घोषणानुसार महामहिम राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई।

महामहिम राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ।

(राष्ट्रगान **जन गण मन** की धुन बजाई गई।)

महामहिम राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण दिया।

(राष्ट्रगान **जन गण मन** की धुन बजाई गई।)

महामहिम राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए ।)

सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा सभा में दिये गये अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखी गई ।

3. महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्री नारायण चंदेल, सदस्य द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि "महामहिम राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।"

श्री देवजी भाई पटेल, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

माननीय अध्यक्ष द्वारा महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनाँक 13, 14 एवं 15 जनवरी, 2010 की तिथियाँ निर्धारित करने तथा उक्त प्रस्ताव पर मंगलवार, दिनाँक 12 जनवरी, 2010 के अपराह्न 3.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में संशोधन प्राप्त करने की घोषणा की गई ।

4. निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने अविभाजित म.प्र.विधान सभा के पूर्व सदस्य, सर्वश्री शिव प्रसाद शर्मा, श्री फूलचंद बाफना, श्री श्यामलाल जांगड़े, श्री लाल ज्ञानेन्द्र सिंह तथा अविभाजित म.प्र. विधान सभा एवं छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व सदस्य, डॉ.चेतन वर्मा के प्रति शोकोद्‌गार व्यक्त किये ।

मुख्यमंत्री, डॉ.रमन सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष, श्री रविन्द्र चौबे एवं श्री दूजराम बौद्ध, श्री ताम्रध्वज साहू, सदस्य ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किए ।

माननीय अध्यक्ष ने सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की ।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

(12.08 बजे सदन की कार्यवाही स्थगित होकर 12.15 बजे पुनःप्रारंभ हुई)

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए ।)

5.सभापति तालिका की घोषणा

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए नाम-निर्दिष्ट किया गया :-

(1) श्री बद्रीधर दीवान.

(2) श्री धर्मजीत सिंह.

(3) श्री नारायण चंदेल.

(4) डॉ.शक्राजीत नायक.

(5) डॉ.हरिदास भारद्वाज.

6. वर्ष 2009-2010 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने वर्ष 2009-2010 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन किया।

अध्यक्ष महोदय ने अनुपूरक अनुमान की मांगों पर चर्चाऔर मतदान के लिए दिनांक 12 जनवरी, 2010 की तिथि निर्धारित की।

7. कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

माननीय अध्यक्ष महोदय ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक सोमवार, दिनांक 11 जनवरी, 2010 की निम्नांकित सिफारिशों से सदन को अवगत कराया :-

वित्तीय कार्य	निर्धारित समय
वर्ष 2009-2010 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान की मांगों पर चर्चा, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुर:स्थापन, विचार एवं पारण.	03 घंटे

संकल्प	निर्धारित समय
संविधान (एक सौ नौवां संशोधन) विधेयक, 2009 के अनुसमर्थन में संकल्प	10 मिनट

विधि विषयक कार्य	निर्धारित समय

(1)	छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2010	15 मिनट
(2)	छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक, 2010	15 मिनट
(3)	छत्तीसगढ़ निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्था (प्रवेश का विनियमन एवं शुल्क का निर्धारण) (संशोधन) विधेयक, 2010	30 मिनट

श्री बृजमोहन अग्रवाल, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि सदन कार्य मंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को स्वीकृति देता है ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

8. सदन को सूचना

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि-छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मंच द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर आज दिनांक 11 जनवरी, 2010 को सभा की बैठक स्थगित होने के तत्काल पश्चात् अध्यक्ष एकादश तथा मुख्यमंत्री एकादश के मध्य विधान सभा के खेल मैदान पर क्रिकेट मैच होगा।

अपराह्न 12.18 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनाँक 12 जनवरी, 2010 (पौष 22, शक संवत् 1931) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा